जरूरतमंदों को कोई दे रहा है चावल दाल, तो कोई चूड़ा-गुड़

बसिया. बसिया प्रखंड प्रशासन के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों द्वारा दिहाड़ी मजदूरों व जिन लोगों को भोजन की समस्या हो रही है, वैसे लोगों के लिए खाद्यान्न इकट्ठा किया जा रहा है. इस निमित शनिवार को समाजसेवी रिंटू साहू ने 30 किग्रा दाल, 125 किग्रा चावल, सुशील होता ने गुड़, संदीप जायसवाल ने एक बोरा चावल, 10 किग्रा चीनी, लौंगा निवासी पिंटू सिंह, जगदंबा साहू एवं भुवनेश्वर साहू ने एक-एक बोरा आलू, सहारा इंडिया परिवार के मनोज साहू ने चार बोरा चुड़ा, चार बोरा नमक, एक बोरा गुड़, कुम्हारी निवासी पूरन दुकान ने एक बोरा नमक, प्रमोद मेडिकल ने 15 किग्रा आटा, अभय चौधरी ने एक बोरा चावल, स्वयंसेवी संस्था प्रदान ने आठ बोरा चूड़ा, 60 किग्रा गुड़, भूषण साहू ने एक बोरा दाल, एक बोरा सोयाबीन बरी, भीम साहू ने पांच ग्राम अचार, एक किग्रा सरसो तेल, 20 पैकेट सोयाबीन बरी, सूदन बीज भंडार ने पांच किग्रा चूड़ा, एक किग्रा गुड़, छेदीलाल साहू ने 10 किग्रा आटा, रिंकू पटेल ने पांच किग्रा आटा, लक्ष्मण साहू ने पांच किग्रा आटा, शहीद विजय सोरेंग के पिता वृष सोरेंग ने 10 किग्रा दाल देकर सहयोग किया.

CS Scanned with CamScanner